ACE/21-22/236

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

Date-29/03/22

(परीक्षा अनुभाग)

क्रमांक : जनावि / परीक्षा / 2022 / 3883 | दिनांक : 28/3/22

–: अधिसूचना :–

माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की सत्र 2021–22 की परीक्षायें आयोजित करने एवं विस्तृत कार्य योजना बनाने हेतु गठित समिति सदस्यों की बैठक दिनांक 21.03.2022 (सोमवार) को दोपहर 03:00 बजे डॉ. राधाकृष्णनन् सभागार में आहुत की गई है। जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिये गये। उनकी सूचना सूचित की जाती है –

1. सत्र 2021–22 की मुख्य परीक्षाऐं 5 मई, 2022 से करवाने का निर्णय लिया गया।
2. सत्र 2021–22 की यू.जी प्रायोगिक परीक्षाऐं प्रथम वर्ष 28 मार्च, द्वितीय वर्ष 6 अप्रेल तथा अन्तिम वर्ष 11 अप्रेल, 2022 से करवाने का निर्णय लिया गया।
3. **स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा पाठ्यक्रम (समस्त वार्षिक / सेमेस्टर पाठ्यक्रम) की परीक्षा अवधि पूर्व की भांति 03 घण्टे के स्थान पर प्रति प्रश्न पत्र 1.30 घण्टे रखे जाने तथा साथ ही विद्यार्थियों को प्रश्नपत्रों में वर्णित प्रश्नों को अनुपातिक रूप से 50 प्रतिशत ही हल करने का विकल्प देने का निर्णय लिया गया।**
4. **स्नातक प्रथम वर्ष के प्रश्न–पत्र एवं अंक स्कीम हेतु समस्त अधिष्ठाता महोदय को निर्देशित किया गया कि वह अपने संकाय स्तर पर संबंधित पाठ्यक्रमों की दिशा निर्देशानुसार स्कीम बनाकर परीक्षा अनुभाग में प्रेषित करें। तदनुसार इसे समस्त संकाय / परीक्षा केन्द्राधीक्षक / संबद्ध महाविद्यालयों को पालन करने हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।**
5. **स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं अन्तिम वर्ष) कला / वाणिज्य / विज्ञान संकाय** जिसमें एक विषय मे दो प्रश्न पत्र का आयोजन होता है, के संदर्भ में विद्यार्थियों को दोनों प्रश्न पत्र की परीक्षा निर्धारित प्रक्रियान्तर्गत एक ही पारी में आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार विज्ञान संकाय के समस्त विषयों व वाणिज्य संकाय के कुछ विषयों के प्रश्न पत्र 03 है, उनकी परीक्षाओं का आयोजन प्रथम दिवस में दो प्रश्नों पत्रों (प्रथम एंव द्वितीय प्रश्न पत्र) का आयोजन डेढ–डेढ घण्टे की समयावधि ने एक ही पारी में आयोजित करवाने तथा शेष प्रश्न पत्र की परीक्षा (तृतीय प्रश्न पत्र) आगामी परीक्षा दिवस में डेढ घंण्टे की समयावधि में करवाने का निर्णय लिया गया। परीक्षार्थियों के सूचनार्थ तदनुरूप दिशा निर्देश जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।
6. जिन प्रश्नपत्रों में यूनिट / इकाई की बाध्यता है, उन प्रश्नपत्रों में यूनिट / इकाई की बाध्यता को समाप्त कर परीक्षाऐं आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया।
7. समस्त प्राचार्य अपने स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थियों हेतु इंटर्नशिप कार्यक्रम शिक्षा विभाग / निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के माध्यम से शीघ्र पूर्ण करवाने का निर्णय लिया गया।
8. समस्त केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा समाप्ति पश्चात् उत्तर पुस्तिकाओं को पैक करते समय विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित पेपर स्कीम की प्रति को संबंधित प्रश्न पत्र के साथ उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल में नत्थी (Attached) करके आवश्यक रूप से डाले।

कुलसचिव

क्रमांक : जनावि / परीक्षा / 2022 / 3883 | दिनांक 28/3/22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त अधिष्ठाता / निदेशक, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
2. प्राचार्य, सभी सम्बद्ध महाविद्यालय, जोधपुर संभाग।
3. समस्त केन्द्राधीक्षक, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
4. निजी सचिव, कुलपति / निजी सहायक कुलसचिव, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
5. सहायक कुलसचिव, गोपनीय शाखा, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
6. सहायक कुलसचिव, अकादमिक शाखा, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

सहायक कुलसचिव

Forward to
Notice Board / Website
Shailendra Purohit - Controller of examination
All HOD's (JNVU ...)
Ramesh Sharma - for JNVU inward ...

29/3/2022